SARALA BIRLA PUBLIC SCHOOL

Birla Knowledge City, Mahilong, Ranchi

CLASS-III, (2020-21)

Sub: Hindi

ASSIGNMENT- 1 **पाठ-1 भाषा**

भाषा के द्वारा ही हम अपनी बात दूसरों को समझा सकते हैं और दूसरों की बात समझ सकते हैं।
अत: विचारों के आदान-प्रदान को भाषा कहते हैं।
भाषा के दो रूप हैं:

1) मौखिक भाषा- बोलकर या सुनकर

   जैसे - कहानी सुनना, बातें करना

2) लिखित भाषा- लिखकर या पढ़कर

   जैसे – पत्र लिखना, अखबार पढ़ना

हिंदी भारत की राजभाषा है।

भारत में कुल 22 भाषाएँ संविधान में मान्य है।

भाषा को लिखने के लिए जिन चिह्नो का प्रयोग किया जाता है, उन्हें लिपि कहते हैं।

संसार भर में जितनी भाषाएँ बोली जाती हैं उन सबकी अपनी - अपनी लिपि है।

जैसे -

भाषा	लिपि
• पंजाबी	गुरुमुखी
• हिंदी ,गुजराती, मराठी	देवनागरी
• बांगला	बांगला
• उर्दू	फ़ारसी
• अंग्रेजी	रोमन

व्याकरण- भाषा का शुद्ध प्रयोग सिखाने वाले शास्त्र को व्याकरण कहते हैं।

अभ्यास कार्य।

1) सही या गलत का निशान लगाइए:-

—) ई -मेल मौखिक भाषा का एक रूप है।

二) भाषा के लिखित रूप को लिपि कहते हैं ।
ग) अंग्रेज़ी भाषा की लिपि रोमन है ।
घ) केरल में तमिल भाषा बोली जाती है ।
ड) भाषा के दो रूप हैं ।

2) खाली स्थान भरें: -

क) हम ________ अपने विचार दूसरों तक पहुँचाते हैं और दूसरे का पढ़कर समझते हैं ।
ख) बोलकर अपने विचार प्रकट करना भाषा का ________रूप कहलाता है।
ग) हर वर्ष ________ को हिंदी दिवस मनाया जाता है।
घ) भाषा को लिखने का ढंग ________ कहलाता है।
ड) मराठी भाषा की लिपि _________ है।